कार्यक्रम: कृष्ण जन्माष्टमी

हाथी घोड़ा पालकी ,जय कन्हैया लाल की

सतं वाल योगेश्वर भारतीय विद्या मंदिर डडवाड़ा में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लाह से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ कीर्ति महाजन(आयुर्वैदिक डॉक्टर एवं सदस्य मातृ भारती),अन्य अतिथियों के रूप में श्रीमती रजनी गुप्ता (प्रांत सह संयोजक शिशु वाटिका), विद्यालय की प्रधानाचार्या दीदी सविता जी, विद्यालय शिशु वाटिका प्रमुख दीदी बेबी रानी जी, शिशु वाटिका के सभी आचार्य, अभिभावक एवं राधा और कृष्ण के रूप में नन्हे नन्हे विद्यार्थी उपस्थित रह।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उसके उपरांत शिशु वाटिका के नन्हे नन्हे राधा कृष्ण की वेशभूषा में विद्यार्थियों ने रंगमंच कार्यक्रम प्रस्तुत किया और यशोदा की वेशभूषा में उपस्थित उनकी माताओं ने कई तरह की गतिविधियों में भाग लिया।

शिशु वाटिका की अभिभावक दीदी भानुप्रिया जी ने सभी के समक्ष कृष्ण जन्माष्टमी तथा आज के कार्यक्रम के उपलक्ष पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

विद्यालय की प्रधानाचार्य दीदी ने सभी अभिभावकों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय ऐसे ही हिंदुओं के विशेष पर्वों को मनाता है और मनाता रहेगा

इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य श्री राजेन्द्र खजुरिया जी ने उपस्थित सभी का धन्यवाद किया को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन दीदी प्रज्ञा ने किया।सभी गतिविधियों में अवल आई यशोदा मैया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम का समापन कृष्ण भगवान जी की आरती करके किया गया और उपस्थित सभी को प्रसाद वितरण किया गया।